

# विश्व पर्यावरण दिवस : 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बहुती जलप्रपात बना हरित संकल्प का केंद्र : संजय, कई जगहों पर हुआ पौधरोपण






नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 6 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध बहुती जलप्रपात परिसर में ''एक पेड़ माँ के नाम'' पर्यावरण उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में कलेक्टर संजय कुमार जैन की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया. बहुती जलप्रपात जैसे प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा हरित एवं स्वच्छ मऊगंज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया. कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा पौधरोपण कर किया गया. उन्होंने पीपल, आम, महुआ, इमली, शीशम एवं वाटर पाम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर जिलेवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया. इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की शपथ ली.कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन के लिए ही नहीं, बल्कि मानव जीवन, जैव विविधता एवं आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं. उन्होंने कहा कि ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान भावनात्मक रूप से समाज को प्रकृति संरक्षण से जोड़ने का अभिनव प्रयास है. प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकता है. कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष नईगढ़ी नागिता गुप्ता, जनपद अध्यक्ष नईगढ़ी ममता कुंज बिहारी तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मऊगंज नीलम इन्द्रपाल सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे. भाजपा मंडल गुढ़ ने किया वृक्षारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मंडल पदाधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुढ़ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया. इस दौरान अस्पताल परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया. वृक्षारोपण अभियान की दूसरी श्रृंखला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरवा में आयोजित की गई, जहां पंचायत कर्मचारियों के साथ भाजपा मंडल पदाधिकारियों ने पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष रावेंद्र मिश्रा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मिनी सिंह, विमला रावत, राज बहोर कुशवाहा, दिलीप दुबे, पप्पू खटीक, हरीश प्रसाद मिश्रा, धनपत लाल गुप्ता, सोनू गुप्ता, राज कुमार सोनी, रोहित तिवारी, स्वाती पटेल, विजय विश्वकर्मा मौजूद रहे.

### शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़, जिला रीवा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती रेखा मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय डॉ अमित मिश्रा एवं निशा सिंह, सहायक प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी द्वारा किया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा हरित शपथ ग्रहण की गई. सभी ने पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संकल्प लिया. कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ व्यास नारायण मिश्र, डॉ जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, डॉ अरुण कुमार सोनी, डॉ अरवेन्द उपाध्याय, डॉ भारत भूषण दुबे रेखा पयासी, रामकिशोर पटेल मौजूद रहे.

# संतुलित उर्वरक और मृदा स्वास्थ्य पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 जून, संतुलित उर्वरक और मृदा स्वास्थ्य पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम 5 जून, 2026 को रीवा कृषि महाविद्यालय के प्रशिक्षण कक्ष में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया.**

इसमें स्थानीय किसानों (गौरा और खड्डा गांवों, सेमरिया ब्लॉक, रीवा जिला, मध्य प्रदेश) को विशेषज्ञ नेतृत्व वाले सत्र के लिए परिसर में आमंत्रित किया गया था. कार्यक्रम का उद्देश्य मृदा परीक्षण, रासायनिक पदार्थों के अत्यधिक उपयोग को कम करना और जैविक विकल्पों को बढ़ावा देना था. कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. एस. के. त्रिपाठी की उपस्थिति में हुआ, जिन्होंने दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा के लिए मृदा उर्वरता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया. इस जागरूकता कार्यक्रम में गौरा और खड्डा गांवों के किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया. मृदा विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. जी. डी. शर्मा ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और सतत पोषक तत्व प्रबंधन प्रथाओं के लिए हरित मिट्टी को बढ़ावा देने में इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला. एआईसीआरपीडीए रीवा केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. आर. के. तिवारी ने पोषक तत्वों के लीचिंग को कम करने के लिए फसल की वृद्धि अवस्थाओं के आधार पर विभाजित खुराक में उर्वरकों के प्रयोग पर प्रकाश डाला.

इंजी. अभिषेक सोनी ने रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने में जैव उर्वरकों के लाभों के बारे में विस्तार से बताया. डॉ. सुधांशु पांडे ने संतुलित उर्वरक प्रयोग के लिए हरित खाद पद्धतियों और मृदा स्वास्थ्य कार्ड की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. डॉ. आर. पी. जोशी, डॉ. टी. के. सिंह, डॉ. प्रदीप मिश्रा, डॉ. ए. के. गिरि और कॉलेज के अन्य कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित थे. किसानों को सतत कृषि के लिए एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के हिस्से के रूप में जैविक और हरित खादों को शामिल करने के बारे में शिक्षित किया गया.

# गौकथा की अनुमति न देना सनातन विरोधी होने का प्रमाण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 6 जून, देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान द्वारा गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने के उद्देश्य से शहीद केदारनाथ व शहीद राजीव स्मृति 12 जून से देवतालाव जिला मऊगंज में होनें वाली गौकथा की अनुमति प्रशासन ने नही दी.**

अनुमति न देकर शासन और प्रशासन ने सनातन बिरोधी होने का प्रमाण पत्र अपने नाम कर लिया. जगतपिता जगदीश्वर द्वारा संरक्षित निर्देशित अभियान के राष्ट्रीय प्रचारक विश्वमित्र ने देश को अब भी अंग्रेजियत का गुलाम मान शहीदों व शहीद राजीव दीक्षित के व्यवस्था परिवर्तन अभियान को अंजाम देनें के लिए काले अंग वस्त्र धारण कर चोटी खोलकर अंग्रेजियत सत्ताओं के खात्में का हरिइच्छित चाणक्यी संकल्प किया.

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के हनुमना एवं खटखरी शाखाओं का किया उद्घाटन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 6 जून, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक प्रभात कुमार ने मऊगंज क्षेत्र की हनुमना शाखा एवं खटखरी शाखा का विधिवत उद्घाटन किया. इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार एवं वित्तीय समावेशन को और सुदृढ़ करने पर बल दिया.**

उद्घाटन समारोह के पश्चात प्रभात कुमार ने मऊगंज स्थित आरएसईटीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का भी भ्रमण किया. उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर बैंक द्वारा स्वरोजगार एवं कौशल विकास हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की. उन्होंने कहा कि आरएसईटीआई के माध्यम से युवाओं को स्वावलंबी बनाकर आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है. आरएसईटीआई परिसर में महाप्रबंधक प्रभात कुमार एवं रीवा क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख नवीन निश्चल द्वारा पौधारोपण भी किया गया. अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की. इस अवसर पर रीवा क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख नवीन निश्चल, क्षेत्रीय अंकेक्षण प्रमुख मोहम्मद इब्राहिम तथा मऊगंज के एलडीएम ज्योत्सना अग्रवाल उपस्थित रहीं. सभी अधिकारियों ने ग्रामीण शाखाओं के माध्यम से आमजन को बैंकिंग सेवाएं सुलभ कराने एवं जन सुरक्षा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया. महाप्रबंधक ने शाखा स्टाफ को निर्देशित किया कि वे प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं.



# गणेश धाम बराव में समाजिक समरसता का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 6 जून, गणेश धाम बराव में सामाजिक समरसता सम्मेलन में पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी ने भारतीय सनातन संस्कृति एवं परंपराओं को जीवंत बनाये रखने तथा उसे अपना कर ही विश्व की त्राहि त्राहि कर रही मानवता को शांति मिल सकती है का जहां संदेश दिया.**

वहीं इस अवसर पर आयोजित भंडारे में जिले भर से आये श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद पाकर अपने आप को धन्य समझते रहे. इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि यह भंडारा केवल भोजन वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और सनातन परंपराओं को आगे बढ़ाने का माध्यम है. उन्होंने कहा कि हमारी पुरानी परंपराएं और पारंपरिक व्यंजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है. भारतीय सनातन धर्म और संस्कृति को अपनाकर ही विश्व की तरह ही कर रही मानवता को शांति मिल सकती है. कार्यक्रम में मऊगंज विधायक भी गणेश धाम पहुंचे और भगवान गणेश के दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की. इसके बाद उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द और एकजुटता का संदेश दिया. भंडारे में श्रद्धालुओं को पारंपरिक व्यंजनों का प्रसाद वितरित किया गया. आयोजन के दौरान स्थानीय लोग मौजूद रहे.

# पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में पेंशनर्स हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 6 जून, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन नहर शाखा गुढ़ की बैठक शनिवार को आयोजित की गई.**

बैठक में विभिन्न संगठनात्मक एवं पेंशनर्स हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई. बैठक की शुरुआत संगठन के तत्कालीन कार्यवाहक अध्यक्ष स्व. शीतल प्रसाद शमी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए की गई. उनका देहावसान 7 मई 2026 को हुआ था. उपस्थित सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की. बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं, संगठन की आगामी गतिविधियों तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया. सभी सदस्यों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया. बैठक में मदन मोहन पाण्डेय, लल्ला प्रसाद वर्मा, मधुमर्दन प्रसाद मिश्र, नागेन्द्र प्रसाद शुक्ल, तेजमान तिवारी, गया प्रसाद कोल, मैयालाल त्रिपाठी मौजूद रहे.



# जनपद पंचायत हनुमना में कांग्रेसियों ने किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 6 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर जनपद पंचायत हनुमना में जहां एक ओर कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व के आह्वान तथा पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के दिशा निर्देश पर कांग्रेस कमेटी हनुमना द्वारा वृक्षारोपण किया गया.**

वृक्षारोपण के साथ संरक्षण का भी संकल्प उपस्थित लोगो द्वारा लिया गया. वहीं दूसरी ओर जनपद पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चला कर जनपद पंचायत परिसर की साफ सफाई की गई. इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा यूथ कांग्रेस के संयुक्त जिला महासचिव युवा नेता निलेश केसरी विद्यानिवास मिश्र अमृतलाल शुक्ला उमाकेश पटेल, शिवराम मिश्रा महेश यादव उपस्थित रहे. वहीं दूसरी ओर जनपद पंचायत अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान के साथ स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी एक साथ लिया.

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए गए 51 पौधे

## स्लोगन के माध्यम से दिया संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 6 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान द्वारा हनुमना नगर के पारदेश्वर मन्दिर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.**

इस अवसर पर कुल 51 पौधों का रोपण किया गया. रोपे गए पौधों में आम, अमरूद, केला, पपीता, पीपल, बरगद एवं यूकेलिप्टस सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे शामिल रहे. कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य को लेकर आकर्षक स्लोगनों के माध्यम से समाज को जागरूक किया गया. उपस्थित महिलाओं ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया.

महिलाओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है. प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए. इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रीती गुप्ता के नेतृत्व में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शैलजा गुप्ता बबीता केशरी अंगूरी केशरी रागनी गुप्ता हेमा केशरी श्रद्धा केशरी पूजा ज्योत्सना अर्चना गुप्ता शिखा रेखा केशरी मधु केशरी की विशेष उपस्थिति रही।कार्यक्रम के अंत में प्रीती गुप्ता ने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया.

# प्रकृति आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर है : आरपी



नवभारत न्यूज

**अनपरा 6 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिंडालको रेनुसागर द्वारा जैव विविधता संरक्षण पर आधारित थीम प्रकृति से प्रेरित जलवायु के लिये, हमारे भविष्य के लिये, अनुरूप विभिन्न पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।**

मधुबन पार्क में आयोजित कार्यशाला में शोभित बर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति दायित्वों की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति केवल हमारे जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर भी है। मुख्य अतिथि ने वृक्षारोपण, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल देते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़े बदलाव ला सकते हैं। प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर उसके संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें, तभी पर्यावरणीय चुनौतियों का प्रभावी समाधान संभव है।

# हिंडाल्को रेनुकूट में उत्साहपूर्वक मना विश्व पर्यावरण दिवस

नवभारत न्यूज

**रेनुकूट 6 जून। हिंडाल्को रेणुकूट ने विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया ।**

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुई, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने प्रकृति की रक्षा, जल एवं ऊर्जा संरक्षण तथा प्रदूषण नियंत्रण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत संयंत्र परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भावनात्मक रूप से भी लोगों को वृक्षों के महत्व से जोड़ने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आरओ-जेडएलडी प्लांट में किया गया। इस अवसर पर हिंडाल्को रेणुकूट के मुखिया समीर नायक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति संरक्षण ही मानव जीवन का आधार है। वहीं क्लस्टर हेड जसबीर सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे सिर्फ हरियाली नहीं बढ़ाते, बल्कि हमारे जीवन का वास्तविक आधार हैं।




# विश्व पर्यावरण दिवस पर वैली इंटरनेशनल स्कूल ने किया वृहद पौधरोपण

## लायंस क्लब व संस्कार वैली पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, बड़ी संख्या में लगाए गए पौधे

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ बैढ़न सिटी एवं संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा हरियाली बढ़ाने का संदेश देना रहा।**

संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल के ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान उपस्थित अतिथियों एवं विद्यालय परिवार ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधों की नियमित देखरेख करने की बात कही। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जेएन श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिवर्ष एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में बड़ी मदद मिल सकती है।



वहीं लायंस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी ने सभी सदस्यों एवं विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता से पर्यावरण संरक्षण के अभियान को और मजबूती मिलती है।

कार्यक्रम में सचिव विनम्र सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, लायन एसडी सिंह, सजन अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।